आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 16.02.2026 समय : 18.30 पीएम

- खैरथल–तिजारा जिले की एक फैक्ट्री में आज आग लगने से आठ श्रमिकों की मौतं
- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– कृषि, मौसम पूर्वानुमान, जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में एआई अपार अवसर प्रदान कर रहा हैं
- राज्य सरकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमा कंपनियों और बैंकों की अनियमितताओं की जांच एसओजी से करवाएगीं
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं कल से शुरू होंगीं

000

खैरथल–तिजारा जिले के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में आज आग लगने से आठ श्रमिकों की मौत हो गई जिला प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कियां जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने बताया कि राहत और बचाव कार्य जारी हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सहित कई राजनेताओं ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई हैं घटनास्थल का दौरा करने पहुंचे वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि जिस गत्ता फैक्ट्री में यह हादसा हुआ, वहां गैर–कानूनी रूप से पटाखों का निर्माण किया जा रहा थां

.......................

श्री शर्मा ने घोषणा की कि प्रशासन पूरे औद्योगिक क्षेत्र की सघन जांच करेगा ताकि सभी अवैध इकाइयों का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सकें

.......................

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत की तेजी से बढ़ती रचनात्मक अर्थव्यवस्था देश के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे और कुशल लोगों से संचालित हो रही हैं आज से नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के उपग्रह कार्यक्रम के सत्र के दौरान श्री वैष्णव ने विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में जानकारी दीं श्री वैष्णव ने कहा कि देश में लगभग 90 प्रतिशत हिस्से में 5–जी का कवरेज है, जिससे नागरिक डिजिटल रूप से कुशल हो गए हैं

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यापक प्रभावों के बारे में उन्होंने कहा कि कृषि, मौसम पूर्वानुमान, जलवायु परिवर्तन, नई सामग्रियों की खोज और उत्पादकता जैसे क्षेत्रों में एआई अपार अवसर प्रदान कर रहा हैं श्री वैष्णव ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से भारत एक संतुलित और जिम्मेदार एआई भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभाना चाहता हैं गौरतलब है कि नई दिल्ली में आज से इण्डिया एआई

एम्पैक्ट समिट का आयोजन किया जा रहा हैं पांच दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी सहित 13 देशों के मण्डपम् बनाए गए हैं इसमें अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित ढाई लाख से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण करवाया हैं

000

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह कल गुजरात के गांधीनगर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगें प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' विजन को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर चर्चा होगीं बैठक का मुख्य फोकस दो लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों, डेयरी और मत्स्य समितियों की स्थापना तथा विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के विस्तार पर रहेगां इसके अलावा, सहकारिता कानूनों में सुधार, डिजिटलीकरण और सहकारी बैंकों को मजबूत करने जैसे विषयों पर भी विचार–विमर्श किया जाएगां

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि शिक्षा में तकनीक और भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा दिया जाना चाहिएं आज जयपुर में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि शिक्षा को रोजगारपरक बनाया जाएं उन्होंने बताया कि सरकार ने अब तक एक लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी हैं एक लाख 54 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही हैं श्री शर्मा ने बताया कि मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल में 351 परीक्षाएं हुई हैं और इनमें एक भी पेपर लीक नहीं हुआ हैं

....................

समारोह में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि सरकार शिक्षा में कौशल विकास पर जोर दे रही हैं दो दिन के इस समागम में देशभर के शिक्षक और शिक्षाविद हिस्सा ले रहे हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में बीकानेर और जोधपुर संभाग के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कियां उन्होंने कार्यकर्ताओं से बजट 2026–27 की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का आह्वान कियां संवाद के दौरान सरकारी योजनाओं को लेकर जिलेवार सुझाव भी लिए गएं बैठक में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें

000

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आज विधानसभा में कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमा कंपनियों और बैंकों की अनियमितताओं की जांच एसओजी से करवाई जाएगीं उन्होंने बताया कि कई जिलों में फर्जी दस्तावेज और जाली हस्ताक्षरों के माध्यम से बीमा क्लेम में गड़बड़ी के मामले सामने आए हैं

................

श्री मीणा ने बताया कि श्रीगंगानगर के करणपुर में सर्वेयर द्वारा स्वयं हस्ताक्षर करने और फसल खराबा शून्य दिखाने से किसानों को 128 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ हैं मंत्री ने बताया कि सरकार ने अब तक 6 हजार 328 करोड़ रुपये का बीमा क्लेम भुगतान किया हैं लंबित क्लेम का भुगतान आधार और बैंक खाता सत्यापन के बाद जल्द किया जाएगां

000

उदयपुर से डूंगरपुर होते हुए अहमदाबाद के असारवा के बीच आज पहली वंदे भारत ट्रेन सेवा शुरू हो गई हैं उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत और बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर असारवा के लिए रवाना कियां डूंगरपुर स्टेशन पर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने ट्रेन का स्वागत कियां इस दौरान लोको पायलट का भी अभिनंदन किया गयां यह नई रेल सेवा राजस्थान और गुजरात के बीच बेहतर संपर्क सुनिश्चित करेगीं इस ट्रेन के माध्यम से यात्रा का समय कम होगा और यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो पाएंगीं

000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं कल से शुरू होंगीं बोर्ड ने इसके लिए दिशा–निर्देश जारी कर परीक्षार्थियों को सुबह 10 बजे तक केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए हैं परीक्षा सुबह 10:30 बजे से आयोजित की जाएगीं इस साल 46 लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं बोर्ड ने इस वर्ष से दसवीं की परीक्षा साल में दो बार आयोजित करने का निर्णय लिया हैं 10वीं कक्षा की दूसरी परीक्षा 15 मई से 1 जून तक आयोजित होने की संभावना हैं

000

प्रदेश में कल से एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना हैं इसके असर से मौसम में बदलाव के आसार हैं जयपुर और बीकानेर संभाग में कई इलाकों में बादल छाये रहने और कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना हैं मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में अब कड़ाके ठंड और शीतलहर का दौर थम गया हैं अधिकतर स्थानों पर सुबह शाम ही मामूली सर्दी का असर हैं

..................

000

पाली के कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों की आय बढ़ाने और पोषण स्तर में सुधार के लिए 'पोषण वाटिका' मॉडल विकसित किया गया हैं किसान अपने खेत के करीब 350 वर्ग मीटर के हिस्से में इस वाटिका को लगाकर पूरे वर्ष ताजी, रसायनमुक्त और जैविक सब्जियां प्राप्त कर सकते हैं इस मॉडल में सब्जियों के साथ फल और औषधीय पौधे भी शामिल किए गए हैं वाटिका के लिए आवश्यक जैविक खाद भी उसी स्थान पर घर की सामग्री और गोबर के उपयोग से तैयार की जा सकती हैं वर्तमान में जिले के किसानों को इस तकनीक का प्रदर्शन कर प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि वे स्वस्थ रहने के साथ–साथ अपनी आर्थिक स्थिति भी मज़बूत कर सकें

000